# E-News Letter

## June 2017-Edition

## Municipal Corporation Korba









# सूखा–गीला कचरा अलग–अलग रखने, घर–घर जाकर प्रेरित करें–आयुक्त

**(डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण करने वाले स्वसहायता समूहों को दिया गया स्त्रोत पृथकीकरण का प्रशिक्षण)**





कोरबा 02 जून 2017 –निगम आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को प्रेरणा देते हुए कहा है कि वे घर–घर पहुंचकर आमजन को सूखा व गीला कचरा अलग–अलग डस्टबिन में रखने तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाले सफाई रिक्शे में पृथक–पृथक कचरा डालने हेतु प्रेरित करें। उन्होने कहा कि कचरे के स्त्रोत स्थान पर ही सूखा व गीला कचरा अलग–अलग प्राप्त होने से इसके पृथकीकरण में लगने वाले समय व श्रम दोनों की बचत होगी।

उक्त बातें निगम आयुक्त ने आज विभिन्न स्वसहायता समूहों के सदस्यों व सामुदायिक संगठकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार 05 जून 2017 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के नगरीय निकायों में स्त्रोत पृथकीकरण हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में आज गीतांजलि भवन कोरबा स्थित सभागार में स्वसहायता समूहों के सदस्यों एवं सामुदायिक संगठकों को अपशिष्ट के स्त्रोत पृथकीकरण के संबंध में सघन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, सहायक प्रोग्रामर संकेत शर्मा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, डूडा के मिशन मेनेजर अबिक बसू एवं श्री नामदेव, तकनीकी सहायक मनीष, उप अभियंता मोतीलाल बरेठ आदि के साथ सामुदायिक संगठक तथा महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं उपस्थित थी। निगम आयुक्त ने प्रशिक्षण में उपस्थित सदस्य महिलाओं एवं सामुदायिक संगठकों को संबोधित करते हुए कहा कि गीले एवं सूखे कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करने तथा अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाले सफाई मित्र या स्वसहायता समूह के सदस्यों के रिक्शे में अलग–अलग कचरे को देने के संबंध में आवश्यक समझाईस व प्रेरणा देने का कार्य वे घरों में पहुंच कर करें। जब सूखा एवं गीला कचरा पृथक–पृथक एस.एल.आर.एम. सेंटर में लाया जाएगा तो कचरे के पृथकीकरण में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी तथा आपके समय व श्रम दोनों की बचत होगी। उन्होने कहा कि यह

अंतिम रूप से सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक घर से कचरा संग्रहित हो ताकि आमजन में खुले में कचरा फेंकने की गुंजाईस न बचे। निगम आयुक्त ने स्वसहायता समूहों व सामुदायिक संगठकों के सदस्यों से कहा कि प्रत्येक सदस्य को प्रतिदिन कम से कम 21 घरों में पहुंचकर इस संबंध में आवश्यक प्रेरणा लोगों को देनी है तथा इसे एक विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न दृश्य एवं श्रब्य माध्यमों से सूखे एवं गीले कचरे के पृथक–पृथक संग्रहण का सघन प्रशिक्षण सदस्यों को दिया गया तथा गीले व सूखे कचरे में कौन–कौन पदार्थ आते हैं उन्हें बताया गया।

**घरों में पहुंचकर संग्रहण के तरीके बताएंगे सदस्य**– गीले एवं सूखे कचरे को अलग–अलग डस्टबिन में किस प्रकार से संग्रहित कर रखा जाए, गीले अपशिष्ट में कौन–कौन से पदार्थ आएंगे तथा सूखे कचरे में कौन–कौन सी वस्तुएं आएंगी, इस संबंध में घर–घर पहुंचकर स्वसहायता समूह के सदस्य लोगों को जानकारी देंगे तथा सूखा व गीला कचरा के पृथक–पृथक संग्रहण के तरीके बताएंगे, वे लोगों को प्रेरित करेंगे कि अनिवार्य रूप से सूखा व गीला कचरा अलग–अलग रखा जाए तथा डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण हेतु आने वाले रिक्शे में पृथक–पृथक इस कचरे को दिया जाए।

**सूखा कचरा–गीला कचरा** – सूखे कचरे के अंतर्गत कपड़ा, प्लास्टिक, कार्ड बोर्ड, रद्दी कागज, गत्ता, लोहा, रबड़, कांच, चमड़ा, पालीथीन तथा अन्य इसी प्रकृति की वस्तुएं आती हैं। वहीं गीले कचरे के अंतर्गत फलों के छिलके, बचा हुआ मांस, सब्जियों के छिलके, अण्डों के छिलके, पेड़–पौधों के पत्ते, बचा हुआ भोजन, मछली के कांटे आदि गीले कचरे के रूप में चिन्हाकित है।

**अभियान में सहयोग की अपील की आयुक्त ने**– निगम आयुक्त ने अपील करते हुए कहा है कि मिशन क्लीन सिटी योजनांतर्गत घर–घर कचरा एकत्रीकरण अभियान के तहत निगम क्षेत्र के निवासियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों तथा समस्त नागरिकबंधुओं के सहयोग से घरों से निकलने वाले कचरे को द्वार–द्वार जाकर एकत्र किया जाएगा, इस कार्य को संपादित किए जाने हेतु निवासियों से प्रतिमाह सेवा शुल्क भी प्राप्त किया जाएगा। उन्होने नागरिकबंधुओं से अपील करते हुए कहा कि अपने–अपने घरों से उत्सर्जित कचरे को 02 भागों में विभक्त कर एकत्र करें, पहला वह जो सडने योग्य जो गीला कचरा तथा दूसरा वह कचरा जो सड़ने योग्य नहीं है अर्थात सूखा कचरा को पृथक–पृथक एकत्रित करें तथा कचरा संग्रहण करने हेतु आने वाले मिशन क्लीन सिटी के कार्यकर्ता के वाहन में उक्त कचरे को दें तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

**03 व 04 जून को भी होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम**– विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों के तहत 03 जून को गीतांजलि भवन में स्वसहायता समूहों को प्रशिक्षण, 04 जून को सफाई कर्मियों को स्त्रोत पृथकीकरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार 05 जून को निगम के सभी 06 जोन कार्यालयों में स्वच्छता शपथ व पृथककरण का प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित होगा, वहीं 05 जून को ही वृक्षारोपण का कार्य भी किया जाएगा। इसी कड़ी में 05 जून को विवेकानंद उद्यान में आई.ई.सी. वीडियो का प्रदर्शन, रिक्वे, डस्टबिन व पोस्टर का प्रदर्शन तथा चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन के कार्यक्रम भी रखे गए हैं।

# <u>वार्ड क्र. 67 में बनेंगे 03 सार्वजनिक मंच</u>
## <u>(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया कार्यो हेतु भूमिपूजन)</u>





कोरबा 04 जून 2017–नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 67 के अंतर्गत विभिन्न बस्तियों में 03 नग सार्वजनिक मंचों का निर्माण कराया जाएगा। शनिवार को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त तीनों सार्वजनिक मंचों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ कर समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बांकीमोंगरा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 67 के अंतर्गत बनवारी साईड, बांकी साईड एवं थाना लाईन में लगभग 10 लाख रूपये की लागत से 03 नग सार्वजनिक आर.सी.सी. मंचों का निर्माण किया जाना है। वार्ड क्र. 67 बनवारी साईड में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन तीनों विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर काफी संख्या में उपस्थित बस्तीवासियों को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि निगम के सभी 67 वार्डो में जनता की मांग एवं इच्छा के अनुसार विकास कार्य संपादित कराए जा रहे हैं तथा विगत ढाई वर्षो के दौरान सभी वार्डो एवं बस्तियों में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होने कहा कि अन्य विकास कार्यो के साथ–साथ निगम क्षेत्र की बिजली सुविधा से विहीन बस्तियों में बिजली जैसी आवश्यक सुविधा मुहैया कराना, मेरा प्रमुख उद्देश्य था, मुझे खुशी है कि निगम के अधिकांश विद्युतविहीन क्षेत्रों में बिजली पहुंचा दी गई है तथा शेष क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है।

**<u>किया विभिन्न बस्तियों का भ्रमण, जानी समस्याएं</u>**– भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 67 के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों बनवारी साईड, बांकी साईड, थाना लाईन बस्ती, कुदरीपारा, गजरा जंगल साईड, अंबेडकर नगर आदि का पैदल भ्रमण कर वहां के निवासियों से भेंट की तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की। भ्रमण के दौरान बस्तीवासियों ने पेयजल की समस्या के संबंध में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का अवगत

कराया तथा बताया कि भूमि जल स्तर नीचे जाने के कारण हैण्डपंप सूख गए हैं, परिणाम स्वरूप पेयजल की समस्या बस्तियों में है, जिस पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल समस्या से ग्रसित बस्तियों में टैंकर के माध्यम से नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, उन्होने बस्तीवासियों को आस्वश्त किया कि पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

**समस्या के सम्पूर्ण निदान की दिशा में कार्य जारी**– भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बस्तीवासियों से कहा कि कोरबा पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांकीमोंगरा एवं दर्री जोन में स्थित समस्त वार्ड एवं बस्तियों में पेयजल की समस्या के सम्पूर्ण निदान की दिशा में निगम द्वारा पेयजल आवर्धन योजना भाग –2 के तहत कार्य किए जा रहे हैं तथा आगे आने वाले समय में इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की समस्या का सम्पूर्ण निदान कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य भुनेश्वरी देवी, पार्षद सुधारसाय चौहान, रूपादेवी मनहर, प्रसन्ना महंत, सनीष कुमार, हरगोविंद, प्रदीप अग्रवाल, संतोष कुमार, विनोद दास महंत, सूखीदास, गीता मनहर, संतोषी चौहान, टीकाराम मनहर, मंजीत कौर, डॉ.एस.एल. कुर्रे, दिलीप साहू, विजय साहू, आलोक राठौर, गोविंद दास आदि के साथ काफी संख्या में अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# पेड़–पौधे प्रकृति के अमूल्य उपहार, इनका संरक्षण हमारा कर्तव्य –महापौर
## (वृक्षमित्र अभियान का शुभारंभ किया महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने)







कोरबा 05 जून 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि पेड़–पौधे हमारे प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं, प्राणी मात्र का जीवन पेड़–पौधे पर निर्भर है, वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं, उनका संरक्षण, संवर्धन एवं अधिक से अधिक पौधों का रोपण हम सबकी प्रमुख जिम्मेदारी है। आज की सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण प्रदूषित होने की समस्या से निपटने के लिए व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज लालघाट बालको में आयोजित वृक्षमित्र अभियान के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। महापौर श्रीमती अग्रवाल की विशेष पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वृक्षमित्र अभियान प्रारंभ किया गया है, आज 05 जून 2017 विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आज महापौर श्रीमती अग्रवाल ने वृक्षमित्र अभियान का शुभारंभ किया। उन्होने इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया, इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने पौधों का रोपण किया। वृक्षमित्र अभियान का शुभारंभ करते हुए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में आगे कहा कि आज प्राकृतिक असंतुलन के कारण मौसम का चक्र बिगड़ रहा है, भीषण गर्मी, कम बारिश एवं शीतकाल का समय घटने से विभिन्न समस्याएं पैदा हो रही है तथा पर्यावरण में तेजी से नकारात्मक बदलाव परिलक्षित हो रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना आज की बड़ी आवश्यकता है, किन्तु वृक्षारोपण करना ही काफी नहीं है, उनको सुरक्षित रखने तथा निरंतर देखभाल करने की जिम्मेदारी भी हम सबको लेनी होगी तथा यह संकल्प लेना होगा कि हम पेड़–पौधों को नष्ट नहीं होने देंगे, उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहेंगे तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उपस्थित नागरिकों को प्रेरित करते हुए

कहा है कि आईए हम सभी संकल्प लें कि सभी व्यक्ति पांच–पांच पौधा लगाएंगे तथा उनकी सुरक्षा करेंगे।

**नि:शुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा निगम** – महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि मेरा विचार है कि निगम के सभी 67 वार्डो में वृक्षमित्र अभियान चलाए जाएं तथा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिहाज से व्यापक स्तर पर कार्य किए जायें, जिसमें क्षेत्र के नागरिकबंधुओं का पूर्ण सहयोग प्राप्त किया जाए। उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि निगम के इस अभियान में वे अपना अमूल्य सहयोग दें तथा कोरबा की इस धरती को हरा–भरा बनाएं। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि नगर निगम नागरिकबंधुओं को विभिन्न प्रजातियों के पौधे नि:शुल्क उपलब्ध कराएगा तथा कोरबावासियों के सहयोग से जिस प्रकार से कोरबा ने स्वच्छता में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, उसी तरह पर्यावरण संरक्षण तथा इस वृक्षमित्र अभियान के माध्यम से कोरबा को एक नई पहचान मिले।

**वृक्षमित्र संकल्प पत्र का किया वितरण** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वृक्षमित्र संकल्प पत्रों का वितरण उपस्थित बस्तीवासियों को किया, वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने वृक्षारोपण एवं उनकी सुरक्षा की शपथ ग्रहण की तथा संकल्प लेते हुए कहा कि वृक्षमित्र अभियान पर्यावरण ही नहीं हमारे जीवन की रक्षा का हिस्सा है, हम शपथ लेते हैं कि अपने द्वारा लगाए जा रहे पौधें का पालन पोषण पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करेंगे ताकि रोपित किए गए पौधे विकसित होने के साथ पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका दर्ज करा सकें, हम संकल्प लेते हैं कि हम अधिक से अधिक पौधों का रोपण करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व सभापति संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य देवीदयाल सोनी, इंदिरा कौशिक, पार्षद मनहरण लाल राठौर एवं मनकराम साहू, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, विकास डालमिया, कृष्णकुमार चौकसे, निगम के कार्यपालन अभियान आर.के. माहेश्वरी, सहायक अभियंता विनोद शांडिल्य, उप जोन प्रभारी आर.जी. गोसाई, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, चन्द्रकांत यादव, अरूण मिश्रा, एफ.डी.मानिकपुरी, पंचराम, हेमलता साहू, गौरेलाल, कमल कुमार आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# वृक्षमित्र अभियान

# महापौर के साथ बस्तीवासियों ने किया पौधों का रोपण

**(पौधों की देखभाल एवं उनकी सुरक्षा की अपील की महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने)**






कोरबा 07 जून 2017 –निगम के वार्ड क्र. 10 शनि मंदिर के पीछे स्थित बस्ती के मैदान में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के साथ–साथ निगम के पार्षदों तथा बस्तीवासियों ने वृक्षारोपण किया। महापौर ने बस्तीवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे रोपित किए गए पौधों की देखरेख करें तथा उन्हें सुरक्षित बनाए रखे, इस दिशा में निगम द्वारा अपना पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की विशेष पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रारंभ किए गए वृक्षमित्र अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 10 शनि मंदिर के पीछे स्थित बस्ती के मैदान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए वहां पौधों का रोपण किया, उनके निगम के एम.आई. सी. सदस्य दिनेश सोनी, पार्षद ओमबाई श्रीवास एवं गीता महंत, ममता अग्रवाल, दुकालू श्रीवास सहित काफी संख्या में उपस्थित बस्तीवासियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का कार्य किया जाना अत्यंत आवश्यक है, इसी के मद्देनजर निगम द्वारा वृक्षमित्र अभियान प्रारंभ किया गया है, उन्होने कहा कि केवल पौधों का रोपण ही नहीं उनकी निरंतर देखभाल एवं उनकी सुरक्षा पौधे के वृक्ष बन जाने तक की जानी चाहिए, यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाए, उनकी सुरक्षा करें तथा पेड़ों को कटने व नष्ट होने से रोकें, पेड़–पौधे प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं तथा यह प्राणी मात्र को जीवन प्रदान करते हैं, पेड़–पौधों से ही हमें प्राण वायु प्राप्त होती है।

**किया बस्ती का भ्रमण, जानी समस्याएं**– वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने पार्षदों, जनप्रतिनिधियों के साथ बस्ती का भ्रमण किया, वहां के निवासियों से भेंट की तथा उनकी समस्याओं व विकास परक आवश्यकताओं की जानकारी ली। बस्तीवासियों द्वारा बस्ती की समस्याएं व आवश्यकताएं बताए जाने पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उनके निराकरण के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पार्षद ओमबाई श्रीवास एवं गीता महंत, ममता अग्रवाल, दुकालू श्रीवास, छबि वाल्मिकी, नासिर खान, बंशी केंवट, मनोहर केंवट, बबलू राजपूत, सविता चौहान, राकेश ताती, अमित सिंह, सुनीता साहू, अशोक साहू, श्याम पटेल, बीना केंवट, तारा दास महंत, श्यामा केंवट, मनीष मिश्रा, केदार केंवट आदि के साथ काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।

## वार्ड क्र. 41 की विभिन्न बस्तियों का भ्रमण किया महापौर ने

**(बस्तियों की समस्या की ली जानकारी, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट व साफ–सफाई व्यवस्था पर दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश)**





कोरबा 16 जून 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 41 परसाभांठा के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का पैदल भ्रमण कर वहां की समस्याओं व आवश्यकताओं का जायजा लिया, बस्तीवासियों से भेंटकर उनसे चर्चा की तथा सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट व साफ–सफाई से संबंधित कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

वार्ड, बस्ती एवं मोहल्लों में अचानक पहुंचकर वहां की समस्याओं का निरीक्षण एवं निराकरण हेतु तुरंत पहल करने की अपनी विशिष्ट कार्यशैली के अनुरूप महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज बालको जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 41 परसाभांठा का आकस्मिक दौरा किया, उन्होने वहां की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का पैदल भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी विविध समस्याओं का

जायजा लिया एवं उनके निराकरण हेतु तुरंत आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने यादव मोहल्ला गली नं. 3, अर्जुन गली, बुधराम गली, पटेल मोहल्ला आदि में जीर्ण–शीर्ण नालियों के स्थान पर पक्की नाली के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही तुरंत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गुप्ता गली में सड़क निर्माण तथा कांजीहाउस गली में नाला निर्माण किए जाने हेतु भी आवश्यक कार्यवाही तुरंत कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने बस्तियों में स्थापित विद्युत खंभों में तुरंत लाईट लगाकर प्रकाश सुविधा उपलब्ध कराने के साथ–साथ पुराना नवधा चौक परसाभांठा, शिव मंदिर मोहल्ले में नालियों की साफ–सफाई एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी तुरंत कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर उन्होने बस्तीवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे घरों से निकले हुए कचरे को नालियों में या सड़क में न फेंके बल्कि उसे डस्टबिन में संग्रहित कर के रखें तथा डोर–टू–डोर कचरा लेने हेतु आने वाले निगम के सफाईमित्र के रिक्शे में उस कचरे को दें ताकि नालियों एवं गलियों की साफ–सफाई दुरूस्त रहे, उन्होने निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में सहयोग देने की अपील भी आमजन से की।

महापौर श्रीमती अग्रवाल के बस्तियों में भ्रमण के दौरान पार्षद संतोष कुर्रे, विकास डालमिया, मुकेश पाण्डेय, आर.के. चौकसे, श्रीकांत मांझी, पीयुष पाण्डेय, एफ.डी.मानिकपुरी, संजय झा, दिनेश कुमार, रमेश चन्द्र, जानकी बाई, सुमित्रा देवी, बुधवारीन बाई, यशोदा बाई आदि के साथ काफी संख्या में बस्तियों के नागरिकगण उपस्थित थे।

**वार्ड क्र. 46 व 45 में जनसंपर्क भ्रमण किया महापौर ने**
**(बस्तीवासियों से भेंट कर ली समस्याओं की जानकारी, निराकरण के दिए निर्देश, सफाई कार्यो पर विशेष फोकस करने को कहा)**





कोरबा 17 जून 2017—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज दर्री जोन के वार्ड क्र. 46 व 45 की विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर जनसंपर्क भ्रमण किया, उन्होने वहां के निवासियों से भेंट की, समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए तथा साफ—सफाई कार्यो को और अधिक बेहतर करने को कहा।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम के दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी एवं वार्ड क्र. 45 रामनगर बस्ती का दौरा किया, उन्होने बस्ती में पैदल भ्रमण करते हुए वहां के निवासियों से भेंट की तथा बस्ती की विकास संबंधी आवश्यकताओं व वहां की समस्याओं का जायजा लिया। वार्ड क्र. 45 रामनगर स्थित बड़े नाले की सम्पूर्ण सफाई के निर्देश अधिकारियों को देते हुए उन्होने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर नाले की सफाई का कार्य शीघ्र पूर्ण करावें ताकि बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार का व्यवधान उपस्थित न हो। उन्होने अयोध्यापुरी एवं रामनगर बस्तियों में भ्रमण के दौरान टूटी—फूटी नालियों की मरम्मत व नवनिर्माण का कार्य करने के साथ—साथ नालियों की साफ—सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने जैलगांव चौक शापिंग काम्पलेक्स में तुरंत सफाई कार्य कराए जाने के निर्देश देने के साथ ही बस्तीवासियों से आग्रह किया कि वे घरों से निकले हुए कचरे को नाली, सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर न डालें तथा साफ—सफाई व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करें। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अयोध्यापुरी स्थित तालाब के गहरीकरण की आवश्यकता को देखते हुए तालाब गहरीकरण की दिशा में समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के. चौबे, सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर, रेखा त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि बनवारीलाल आदित्य, सुधीर जैन, बिसाहू राम,

चन्द्रकांत यादव, यशंवत जोगी, ढेलूराम देवांगन, रामरतन साहू, वशिष्ट जायसवाल, आशीष अग्रवाल, रंजीता बडा, डॉ. नेताम आदि के साथ काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।

## बांकीमोंगरा जोन में स्टाफ क्वाटरों का निर्माण कार्य शुरू

### (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया आवास गृहों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन)





कोरबा 21 जून 2017 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बांकीमोंगरा जोन के कर्मचारियों हेतु स्टॉफ क्वाटर के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के तहत निगम के बांकीमोंगरा जोन में निगम के जोन में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु आवास गृहों का निर्माण कार्य निगम द्वारा कराया जाना है। इसी कड़ी में बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत 1 करोड़ 19 लाख रूपये की लागत से आवास गृहों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका भूमिपूजन महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के करकमलों के द्वारा किया गया। उन्होंने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं पूजन अर्चन कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस क्षेत्र की पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है तथा अतिशीघ्र यह समस्या भी दूर कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि महापौर ने पूर्व में जो वायदे आमजनता से किए थे वे सभी वायदे क्रमशः पूरे किये जा रहे हैं। लोगों की समस्याएं तेजी से दूर हो रही है तथा मूलभूत सुविधाओं की दिशा में बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र विस्तृत क्षेत्रफल में फैला हुआ है। बांकी, दर्री एवं बालको जोन कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को कोरबा से आने–जाने

में समय व धन दोनों व्यय होता है। इसी के मद्देनजर मैंने पूर्व में घोषणा की थी कि जोन कार्यालयों के कर्मचारियों हेतु जोन कार्यालय के पास ही आवास गृह बनाए जाएंगे। जोन कार्यालयों में कर्मचारी आवास गृह बन जाने के पश्चात जोन में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी अपना पूरा समय जोन के कामों को देंगे तथा इससे आम नागरिकों भी सुविधा रहेगी। उन्होंने कहा कि बांकीमोंगरा जोन में आवास गृहों का निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा शीघ्र ही बालको जोन में भी निर्माण कार्य शुरू होगा। इस मौके पर महापौर श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों से भेंटकर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की भी जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण के संबधं में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**किया सामुदायिक हाल का लोकार्पण** – महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड क्र. 58 अंतर्गत आने वाले मदरसा के पास 10 लाख 92 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक हाल का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। महापौर श्रीमती अग्रवाल बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 58 भ्रमण के दौरान समाज के लोगों द्वारा सामुदायिक हाल की मांग रखी थी, महापौर ने लोगों को आश्वस्त किया था कि सामुदायिक भवन निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य भुनेश्वरी देवी, पार्षद श्रीमती प्रेमा चन्द्रा, कुसुम द्विवेदी, अमरजीत सिंह, सनीष कुमार, बसंत चन्द्रा, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण व निगम के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बालको जोन में बनेगा सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन
## (महापौर व नगर विधायक 1 जुलाई को करेंगे बालको जोन के वार्डों हेतु चार करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन, सभापति व बालको के सीईओ की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति)

कोरबा 30 जून 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल बालको जोन अंतर्गत वार्ड क्र 36 में 1 करोड़ 17 लाख 72 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन का निर्माण किया जाएगा। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता तथा बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास शर्मा व सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर के विशिष्ट आतिथ्य में 1 जुलाई को प्रातः 10 बजे भूमिपूजन कार्यक्रम बालको जोन कार्यालय बस स्टैण्ड के समीप रखा गया है। इस मौके पर बालको जोन के विभिन्न वार्डों हेतु लगभग 4 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन अंतर्गत वार्ड क्र 36 में सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिसका भूमिपूजन महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, नगर विधायक श्री जय सिंह अग्रवाल के करकमलों से संपन्न होगा। इस मौके पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर एवं बालको के मुख्यकार्यकारी अधिकारी व पूर्णकालिक निर्देशक श्री विकास शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप

में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगें तथा निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण व एल्डरमेनगण के साथ साथ अन्य जनप्रतिनिधिगण अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। इस मौके पर बालको में मंगल भवन निर्माण कार्य के साथ साथ वार्ड क्र 34, 35, 36, 37, 39, 40, 41 एवं 42 में कुल 4 करोड़ रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया जाएगा।

**विकास कार्यों का होगा लोकार्पण** – 1 जुलाई को प्रातः 10 बजे बालको जोन कार्यालय बस स्टैण्ड के समीप आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान निगम के लगभग 33 लाख रूपये के लागत वाले 2 विकास कार्यों को जनता की सेवा में समर्पित किया जाएगा। जिन कार्यों का लोकार्पण जाना है उनमें वार्ड क्र 34 लालघाट में आर.सी.सी. शेड व सामुदायिक भवन तथा वार्ड क्र 39 कैलाश नगर में नवनिर्मित आर.सी.सी. शेड के कार्य शामिल है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थित प्रदान करें।